>

Title: Regarding making available of vidos clip of Lok Sabha proceedings online and to promote Paperless Parliament in the coming winter session.

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं सबसे पहले आपका दो विषयों पर आभार प्रकट करना चाहता हूं । एक तो जो वादा आपने किया था कि सदन में जो भी बोलते हैं, उसकी वीडियो वेबसाइट पर ऑनलाईन मिलने की सुविधा रखेंगे । सर, इतना सरल हो गया है कि वह वीडियो अगर हमें अपने क्षेत्र में भेजना है या पत्रकार को भेजना चाहें तो यह बहुत सरल हो गया है । दूसरा, ज़ायसवाल साहब ने बोला है कि जिनकी शक्ल से हम पहचान रखते थे, अब उनके नाम से पहचान रख सकेंगे । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आने वाले समय में अब नीचे नाम, लोक सभा क्षेत्र आदि रखेंगे ।

…(व्यवधान)

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु : अध्यक्ष महोदय, अगर क्षेत्र और राज्य बता देंगे तो बहुत अच्छा रहेगा ।**…**(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब आने वाले समय में, ढाई महीने बाद आपकी क्लिपिंग आपके पास दो घण्टे में पहुंच जाएगी । जब आप घर पहुंचेंगे तो आपके घर पहुंच जाएगी ।

…(व्यवधान)

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु: अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । अब मेरा टाइम रीसैट कर दीजिए ।**…**(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं एक बात और अन-ऑफिशियली कह दूं, बाकी तो जब सदन पूरा होगा तब कहूंगा । अभी सदन में कम संख्या है । हम चाहते हैं कि हमारी अगली पार्लियामेंट पेपरलेस हो । इसके लिए हम कोशिश कर रहे हैं । आपको ढाई महीने इसकी तैयारी करनी है । जब हम ढाई महीने बाद सत्र के लिए आएं, संसद का करोड़ों रुपये का खर्चा केवल पेपर का होता है । हम सभी ने बेहतरीन तीरके से पीए रखे हैं, जो ऑनलाइन काम कर सकते हैं । के.सुरेश जी, शायद आप भी इसके लिए तैयार होंगे । जो माननीय सदस्य यह लिख कर दे देगा कि हम पेपरलेस काम करना चाहते हैं, उनको हम ऑनलाइन देंगे और जो कहेगा कि नहीं, अभी मुझे पेपर की जरूरत है, उनके लिए ही पेपर छपवाएंगे, ताकि संसद के करोड़ों रुपये बचाये जा सकें । हमारी एक ही कोशिश होनी चाहिए कि हम संसद के एक-एक पैसे का उपयोग करें । आज पूरे देश के अन्दर यह बात सदन के माध्यम से, आप सबके सहयोग के कारण एक संदेश है कि इस बार संसद के अंदर काम हो रहा है और एक-एक पैसे का सदुपयोग हो रहा है ।

श्री राम मोहन नायडु जी, बोलें ।

…(व्यवधान)